तत्काल
अत्यावश्यक

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/एगमार्कनेट/2009–10/पार्ट–04/55 भोपाल दिनांक 23 जुलाई 2014

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–भारत सरकार की "एगमार्कनेट" परियोजना क्रियान्वयन में नव विकसित Web based application का उपयोग।
संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी–MIS/MRIN/2014-15/53-54 दिनांक 17 जुलाई 2014।

–0–

उल्लेखित विषय के संदर्भ में दिनांक 18 जुलाई 2014 को भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) के द्वारा विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से भारत सरकार की एगमार्कनेट योजना क्रियान्वयन अंतर्गत नये विकसित किये गये Web based application के बारे में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। इस कार्यशाला में भाग ले रहे प्रदेश की चयनित मण्डियों के डाटा रिपोर्टिंग कार्य में लगे मण्डी कर्मियों को दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया है, साथ ही इस प्रणाली का सुचारु संचालन किये जाने हेतु भारत सरकार की वेबसाईट का URL, Login कर उपयोग की विधि एवं Password की जानकारी जिला एन0आई0सी0 प्रतिनिधि के माध्यम से प्रदाय की गई है। इस कार्यशाला में योजना के राज्य समन्वयक श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 की राज्य इकाई, श्री ए0के0सिंह, सहायक कृषि विपणन सलाहकार भोपाल एवं श्री संदीप कुमार चौबे, चीफ प्रोग्रामर, मण्डी बोर्ड भोपाल उपस्थित रहे।

विषय संदर्भ में भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) के द्वारा प्रदेश की समस्त चयनित मण्डियों से नये Web based application का उपयोग कर अपनी मण्डी समिति की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी प्रत्येक कार्य दिवस में भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की है। साथ ही इस कार्य में लगे मण्डी कर्मी अपनी तकनीकी कठिनाईयों यथा कार्य का प्रशिक्षण आदि समस्याओं का त्वरित निवारण अपने जिले के एन0आई0सी0 प्रतिनिधि से सम्पर्क यथा समन्वय से कर सकेगें।

विषय संदर्भ में कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी–5/2/एगमार्कनेट/2009–10/पार्ट–04/600–601 दिनांक 09 जनवरी 2014 में दिये गये निर्देशों के अनुरुप आपके अंचल की चयनित मण्डियों में भारत सरकार की एगमार्कनेट योजना अंतर्गत स्थापित अधोसंरचना कम्प्यूटर्स, इंटरनेट एन0आई0सी0 ईमेल सुविधा को चुस्त दुरुस्त रखें।

Sandeep

विषय संदर्भ की प्रगति की समीक्षा दिनांक 24 जुलाई 2014 को विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रातः 11.00 बजे संयुक्त सचिव, कृषि मंत्रालय भारत सरकार सह कृषि विपणन सलाहकार महोदय द्वारा की जाना प्रस्तावित है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि नये विकसित **Web based application** का उपयोग करते हुये अंचल की योजना अंतर्गत समस्त चयनित मण्डियों से दैनिक आवक एवं भाव की डाटा रिपोर्टिंग प्रत्येक कार्य दिवस में भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर अनिवार्य रुप से सुनिश्चित की जाये एवं प्रगति से अवगत करायें।

23.7.14

(चन्द्रहास दुबे)
प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/एगमार्कनेट/2009–10/पार्ट–04/56 भोपाल दिनांक 23 जुलाई 2014

<u>प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।</u>

(01) डॉ0 आशीष के. भूटानी, संयुक्त सचिव (विपणन) सह कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय एन0एच0 -IV फरिदाबाद।

(02) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(03) उप कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, 245, द्वितीय तल, महाराणा प्रताप नगर, जोन–2 भोपाल।

(04) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक एवं State Project Coordinator, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(05) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .... जिला .... (म0प्र0) :– विषय संदर्भ में दिये गये निर्देशों के तहत तत्काल कार्यवाही पूर्ण करते हुये दैनिक आवक एवं भाव की डाटा रिपोर्टिंग भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर प्रति कार्य दिवस अनिवार्य रुप से भेजी जाना सुनिश्चित करें एवं प्रगति से अपने संयुक्त संचालक/उप संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय के माध्यम से अवगत करायें।

23.7.14

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल